35

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

<u>सकारण आदेश</u>

संवेदक Chandra Shekhar Kumar Raman (Regd. No-1200448), Add-Dhobinia, Makkhatakia, Naugachia, Dist-Bhagalpur, Pin-853204 द्वारा कार्य प्रमंडल, नवगछिया के अधीन एम0एम0जी0एस0यु0वाई0 योजनान्तर्गत आमंत्रित निविदा (टेन्डर आई0डी0–139263) में भाग लिया गया।

उक्त निविदा में संवेदक द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 का Trading and Profit and Loss Statement पर 752.64894 लाख अंकित किया गया। तदोपरांत संवेदक द्वारा समर्पित Trading and Profit and Loss Statement का सत्यापन UDIN No. 23307427BHARET8254 से कराने पर पाया गया कि 752.64894 लाख के स्थान पर 53.98671 लाख प्रदर्शित हो रहा है।

संदर्भित निविदा में फर्जी Trading and Profit and Loss Statement (फर्जी कागजात) समर्पित करने के कारण संवेदक Chandra Shekhar Kumar Raman को उक्त निविदा के तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 1688 दिनांक 12.05.2025 द्वारा अयोग्य घोषित करते हुए संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु किये गये अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 8760 दिनांक 12.08.2025 एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संवेदक से कारणपृच्छा की गई।

उक्त के आलोक में संवेदक द्वारा दिनांक 03.09.2025 को स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि साईबर कैफे द्वारा किसी अन्य संवेदक के बहकावे में आकर संदर्भित निविदा में फर्जी कागजात अपलोड कर दिया गया है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संवेदक Chandra Shekhar Kumar Raman (Regd. No-1200448) द्वारा कार्य प्रमंडल, नवगछिया के अधीन निविदा (टेन्डर आई0डी0–139263) में फर्जी Trading and Profit and Loss Statement (फर्जी कागजात) समर्पित करने के कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) की उपकंडिका (ix) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान के आलोक में संवेदक को 02(दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

17-09-25

(जय किशोर ठाकुर)

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–234/2025 10037 /पटना, दिनांकः– 18.9.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17-09-25

अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–234/2025 10037 /पटना, दिनांकः– 18.9.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–234/2025 10037 /पटना, दिनांकः–18.9.25

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–234/2025 10037 /पटना, दिनांकः– 18.9.25

निबंधित

प्रतिलिपिः–Chandra Shekhar Kumar Raman (Regd. No-1200448), Add-Dhobinia, Makkhatakia, Naugachia, Dist-Bhagalpur, Pin-853204 को सूचनार्थ प्रेषित।

17.09.25

अभियंता प्रमुख